भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 120

उत्तर देने की तारीख 02 मार्च, 2020

12 फाल्गुन, 1941 (शक)

खेलो इंडिया कार्यक्रम

120. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' कार्यक्रमों की मुख्य विशेषताएं क्या-क्या हैं;

(ख) गत वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई थी;

(ग) इस संबंध में व्यय और आवंटन का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार आवंटन करते समय ग्रामीण क्षेत्रों पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देगी क्योंकि वहां पर वास्तव में ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

खेलो इंडिया कार्यक्रम के संबंध में श्री राम नाथ ठाकुर, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा द्वारा दिनांक 02.03.2020 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 120 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) खेलो इंडिया और फिट इंडिया कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं अनुबंध-I में दी गई हैं ।

(ख) पिछले वित्तीय वर्ष अर्थात 2018-19 में खेलो इंडिया स्कीम पर 342.24 करोड़ रु. की धनराशि व्यय की गई थी । "फिट इंडिया" कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2019-20 में शुरू किया गया और पिछले वित्तीय वर्ष में इस पर कोई व्यय नहीं हुआ । इसके अतिरिक्त, चूंकि फिट इंडिया को एक जन आंदोलन बनाने में केंद्रीय सरकार की भूमिका प्रेरक की है, इसलिए इसके लिए अलग से कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई है ।

(ग) खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत निधियों का आवंटन राज्य-वार नहीं किया जाता । तथापि, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, पिछले वित्तीय वर्ष अर्थात 2018-19 में खेलो इंडिया स्कीम पर 342.24 करोड़ रु. व्यय किया गया था ।

(घ) खेलो इंडिया स्कीम मांग आधारित स्कीम है जिसमें देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र शामिल हैं और अलग से निधियां आवंटित नहीं की जाती हैं ।

खेलो इंडिया कार्यक्रम के संबंध में श्री राम नाथ ठाकुर, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा द्वारा दिनांक 02.03.2020 के लिए पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 120 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

अनुबंध-I

खेलो इंडिया की मुख्य विशेषताएं

2017-18 से 12 घटकों के साथ देशभर में कार्यान्वित की जा रही "खेलो इंडिया-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम" स्कीम या खेलो इंडिया स्कीम का उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेल उत्कृष्टता को प्राप्त करना है तथा पूरे देश में खेलों को बढ़ावा देना है और इस प्रकार खेलों के व्यापक प्रभाव अर्थात बच्चों और युवाओं के समग्र विकास, समुदाय विकास, सामाजिक एकीकरण, जेंडर समानता, स्वस्थ जीवन-शैली, राष्ट्रीय गौरव और खेल विकास से संबंधित आर्थिक अवसरों के माध्यम से देश की जनता को खेलों की शक्ति का इष्टतम उपयोग करने में समर्थ बनाना है ।

खेलो इंडिया स्कीम के 12 घटक इस प्रकार हैं :

i. खेल मैदान विकास

ii. खेल अवसंरचना का उपयोग और सृजन/ उन्नयन

iii. शांति और विकास के लिए खेल

iv. राज्य स्तर के खेलो इंडिया केन्द्र

v. वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं

vi. प्रतिभा पहचान और विकास

vii. महिलाओं के लिए खेल

viii. राष्ट्रीय/ क्षेत्रीय/ राज्य खेल अकादमियों को सहायता

ix. दिव्यांगजनों में खेलों का संवर्धन

x. ग्रामीण और देशज/ जनजातीय खेलों का संवर्धन

xi. स्कूली बच्चों की शारीरिक फिटनेस

xii. समुदाय कोचिंग विकास

फिट इंडिया की मुख्य विशेषताएं

फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य फिटनेस को सभी भारतीयों के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना है जैसा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने 29.08.2019 को फिट इंडिया मूवमेंट के शुभारंभ के अवसर पर अपने संबोधन में कहा था । इस मूवमेंट का मुख्य फोकस भारतीयों

में उनके दैनिक जीवन में फिटनेस के महत्व के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन कार्यकलापों जो हमें फिट रखते हैं, की सहजता और सरलता को प्रदर्शित करना है । फिट इंडिया मूवमेंट के लिए सरकार प्रेरक की भूमिका निभा रही है ताकि फिट इंडिया एक जन आंदोलन बन सके ।

फिट इंडिया मूवमेंट का लक्ष्य हमारे रोजमर्रा के जीवन में निम्नलिखित बातों पर बल देते हुए फिटनेस को शामिल करना है :

- फिटनेस नि:शुल्क है, फिटनेस मनोरंजन है, फिटनेस अनिवार्य है
- फिटनेस के लिए किसी महंगे उपकरण की आवश्यकता नहीं है/ इसके लिए बहुत बड़े स्थान या किसी मुख्य सैटअप की आवश्यकता नहीं है
- फिटनेस प्राप्त करना सरल है और इसे किसी भी व्यक्ति द्वारा कहीं भी किया जा सकता है ।

****